# कार्यालय जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।

## जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनॉक 28.02.2025 को सम्पन्न वर्चुअल समीक्षा बैठक का कार्यवृतः-

बैठक में निम्नलिखित अधिकारियों एवं फर्म के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गयाः-

1. श्री उमेश मिश्रा, जिलाधिकारी/अध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
2. श्री संदीप भागिया, मुख्य विकास अधिकारी/उपाध्यक्ष जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, मुजफ्फरनगर।
3. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद-मुजफ्फरनगर।
4. श्री संजय कुमार, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
5. श्री शमीम अहमद, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
6. श्री अंकित कुमार, सहायक अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर।
7. श्री मनेन्द्र कुमार, डिस्ट्रीक्ट कॉर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0, मुजफ्फरनगर।
8. श्री यगन कुमार, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर।
9. श्री संजय पटेल, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0)।
10. श्री मांगेराम प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0)।
11. श्री राजेश पाण्डेय, प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0)।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कार्यो पर प्रगति की समीक्षा हेतु जिलाधिकारी महोदय, मुजफ्फरनगर की अध्यक्षता में दिनॉक 28.02.2025 को विभागीय अधिकारियो, सम्बन्धित फर्मो, डी0पी0एम0यू0 एंव टी0पी0आई0 के साथ वर्चुअल समीक्षा बैठक सम्पन्न की गई, जिसमें फर्मो की प्रगति निम्नानुसार पाई गईः-

1- **मै0** जे0एम0सी0-एल0सी0इ0एस0पी0एल0**(जे0वी0), मुम्बई** की स्वीकृत 215 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 212 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 212 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 198 योजनाओ में 1206.79 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 112518 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 178 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है। स्वीकृत 166 नग योजनाओ के सापेक्ष सभी सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 126 नग सोलर पैनल अधिष्टापित हो गये है। फर्म के पास 50 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 47 नग योजनाओ पर विद्युत विभाग से प्राप्त टी0सी0 के सापेक्ष 47 योजनाओ की धनराशि जमा कराई गई है, जिसमें से 39 योजनाओ के विद्युत कनेक्शन पूर्ण हो गये है। फर्म द्वारा 216 अवर जलाशय के सापेक्ष 206 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा 13 ग्रामो का हर घर जल प्रमाणीकरण करा दिया गया है जबकि 41 योजनाओं पर अवर जलाशय का कार्य पूर्ण हो गया है इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओ पर अवर जलाशय के कार्य पूर्ण हो गये है, उन योजनाओ में समस्त कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कर हर घर जल प्रमाणीकरण यथाशीघ्र कराया जाना सुनिश्चित करे। फर्म द्वारा 198 योजनाओ पर पाईप लाईन से सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ कराये गये है, जिसके सापेक्ष 132 योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कडे निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य अवशेष है, उन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन के कार्य यथाशीघ्र प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे। सम्बन्धित फर्म द्वारा जनपद के विभिन्न विकास खण्डो में 145 ग्रामो में पेयजलापूर्ति प्रारम्भ

करा दी गई है। जनपद मुजफ्फरनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 05 योजनाओ पर भूमि अप्राप्त/भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित है, जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को सख्त निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल एवं ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र सभी अप्राप्त भूमि/भूमि विवाद का समाधान कराना सुनिश्चित करे। मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा सम्बन्धित फर्म को सख्त निर्देश दिये गये कि पेयजल निर्माण से सम्बन्धित सभी कार्य आगामी 06 माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

2- **मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0), हैदराबाद** की स्वीकृत 19 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 19 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक सभी ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 266.50 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 27470 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है, सभी 23 नग पम्प हाउस का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। स्वीकृत सभी 14 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 05 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान सभी योजनाओ के विद्युत कनेक्शन करा लिये गये है। उपलब्ध 23 नग मोटर पम्प के सापेक्ष 23 नग मोटर पम्प अधिष्ठापित कर दिये गये है। सम्बन्धित फर्म को समस्त योजनाओ के कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कराकर हर घर जल प्रमाणीकरण कराने हेतु निर्देशित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा सम्बन्धित फर्म को सख्त निर्देश दिये गये कि पेयजल निर्माण से सम्बन्धित सभी कार्य आगामी 01 माह में पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

3- **मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0), नई दिल्ली** की स्वीकृत 109 नग डी0पी0आर0 के सापेक्ष इनके द्वारा 102 नग योजनाओ पर कार्य प्रारम्भ कराया गया है, जिसमें से वर्तमान तक 102 ट्यूबवैल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो गया है। 101 योजनाओ में 774.83 कि0मी0 वितरण प्रणाली बिछाई गई है एवं 67669 एफ0एच0टी0सी0 प्रदान किये गये है। 88 नग योजनाओ पर पम्प हाउस का कार्य प्रगति पर है। स्वीकृत 60 नग योजनाओ के सापेक्ष 52 नग सोलर पैनल उपलब्ध है एवं जिनमें से 22 नग सोलर पैनल अधिष्ठापित हो गये है। फर्म के पास 49 योजनाऐं ऐसी है, जिनका संचालन विद्युत से होना है, जिसके सापेक्ष फर्म द्वारा वर्तमान तक 40 नग योजनाओ पर विद्युत विभाग से प्राप्त टी0सी0 के सापेक्ष 14 योजनाओ की धनराशि जमा कराई गई है, जिसमें से मात्र 11 योजनाओ के विद्युत कनेक्शन कराये गये है। फर्म द्वारा 110 अवर जलाशय के सापेक्ष 69 योजनाओ पर अवर जलाशय का कार्य प्रारम्भ कराया गया है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि सम्बन्धित फर्म द्वारा किसी भी योजना का हर घर जल प्रमाणीकरण नही किया गया है एंव मात्र 02 योजनाओं पर ही अवर जलाशय का निर्माण कार्य पूर्ण कराया गया है। फर्म द्वारा 100 योजनाओ पर पाईप लाईन से सम्बन्धित कार्य प्रारम्भ कराये गये है, जिसके सापेक्ष 35 योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इस सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कडे निर्देश दिये गये कि जिन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन का कार्य अवशेष है, उन योजनाओ पर सडक पुर्नस्थापन के कार्य यथाशीघ्र प्रत्येक स्थिति में पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करे। फर्म द्वारा मात्र 14 ग्रामो में पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कराई गई है। मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा अवगत कराया गया कि फर्म द्वारा निर्माण कार्य अत्यन्त धीमी गति से कराये जा रहे है। फर्म द्वारा वैन्डर्स का भुगतान समय से न किये जाने के कारण जनपद की छवि धूमिल हो रही है एवं वर्तमान में अधिकतर योजनाओ पर कार्य बन्द पडे हुए है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि फर्म के सी0एम0डी0 को अधोहस्ताक्षरी की ओर से पत्र प्रेषित कर अधोहस्ताक्षरी के साथ समीक्षा बैठक कराना सुनिश्चित करे। जनपद मुजफ्फरनगर

में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत 07 योजनाओ पर भूमि अप्राप्त/भूमि विवाद के कारण कार्य बाधित है, जिसके सम्बन्ध में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण) को सख्त निर्देश दिये गये कि सम्बन्धित उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, लेखपाल एवं ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर यथाशीघ्र सभी अप्राप्त भूमि/भूमि विवाद का समाधान कराना सुनिश्चित करे।

उक्त के अतिरिक्त अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देशित किया गया कि फर्मो द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्यो की भौतिक प्रगति रिपोर्ट एक सप्ताह के अन्दर मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे, ताकि उपजिलाधिकारी एवं खण्ड विकास अधिकारी के माध्यम से फर्मो द्वारा कराये जा रहे कार्यो का सत्यापन कराया जा सके।

3.3.25

(उमेश मिश्रा)
**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**

पृ0सं0 1327 / 108 / 14 दिनॉक:-03-03-25

**ई-मेल द्वारा**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को उक्त विषयक सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ।
2. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
3. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
5. मुख्य अभियन्ता(मेरठ क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मेरठ।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सहारनपुर।
7. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि फर्मो एवं सम्बन्धित अधिकारियो से सम्पर्क कर कार्यो में वांछित प्रगति लाना सुनिश्चित करे।
8. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, मुजफ्फरनगर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एंव मानकानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
9. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 जे0एम0सी0-एल0सी0एस0पी0एल(जे0वी0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एंव मानकानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
10. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 गायत्री-रेमकी(जे0वी0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एंव मानकानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।
11. प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0के0जी0-प्राइमस(जे0वी0) को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि सभी निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक एंव मानकानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करे।

जिलाधिकारी/अध्यक्ष
जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
मुजफ्फरनगर।